प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

14.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

खरीफ फसल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2026–27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से देश के करोड़ों किसानों को अपने उपज के लिए उचित और लाभकारी मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से देश के किसानों के जीवन में समृद्धि आयेगी।

नामांकन

पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्रों में आज व कल नाम वापिस लिए जा सकेंगे। कल 15 मई को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए जाएंगे। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए नामांकन 7, 8 व 11 मई को भरे गए थे जिनकी जांच 12 व 13 मई को हुई। नामांकन पत्रों की जांच में 7 सौ 42 नामांकन रद्द किए गए हैं। अब 85 हजार 4 सौ 62 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान होंगे।

प्रचार

प्रदेश में नगर निगम व स्थानीय शहरी निकायों सहित पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। नगर निगम और शहरी निकायों के चुनाव के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता आज धर्मशाला में चुनाव प्रचार करेंगे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी अपना घोषणा पत्र भी जारी करेगी। इसमें धर्मशाला के विकास के लिए आगामी रोडमैप पेश किया जाएगा। वहीं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आज मंडी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में बैठकों, सम्मेलनों, जनसभाओं और रैलियों के माध्यम से चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं सांसद अनुराग ठाकुर आज कांगड़ा और धर्मशाला में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

आईपीएल

धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मैच खेला जाएगा। धर्मशाला में आईपीएल सीज़न का यह दूसरा मुकाबला होगा। यह मैच आज शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

## भर्ती प्रक्रिया

राज्य चुनाव आयोग ने प्रदेश में होने वाली पुलिस कांस्टेबल और होमगार्ड जवानों की भर्ती प्रक्रिया पर कुछ समय के लिए रोक लगा दी है। यह रोक प्रदेश में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं और नगर निकायों के चुनावों को देखते हुए लगाई गई है। आयोग के अनुसार चुनाव अवधि के दौरान सरकार ऐसा कोई बड़ा निर्णय या घोषणा नहीं कर सकती जिससे मतदाताओं या चुनाव प्रक्रिया पर प्रभाव पड़े।

## भर्ती प्रक्रिया

राज्य चुनाव आयोग ने प्रदेश में होने वाली पुलिस कांस्टेबल और होमगार्ड जवानों की भर्ती प्रक्रिया पर कुछ समय के लिए रोक लगा दी है। यह रोक प्रदेश में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं और नगर निकायों के चुनावों को देखते हुए लगाई गई है। आयोग के अनुसार चुनाव अवधि के दौरान सरकार ऐसा कोई बड़ा निर्णय या घोषणा नहीं कर सकती जिससे मतदाताओं या चुनाव प्रक्रिया पर प्रभाव पड़े।

## पर्यटन

हमीरपुर जिला का नादौन क्षेत्र पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में विकसित हो रहा है जिसके लिए लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस होटल के निर्माण से नादौन और इसके आस–पास के क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बल मिलेगा।

पर्यटन विकास निगम का होटल  प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन रूट और शिमला–मटौर फोरलेन नेशनल हाईवे एवं अटारी–हमीरपुर–मंडी नेशनल हाईवे के जंक्शन पर ब्यास नदी के किनारे स्थित नादौन कस्बे को देश–विदेश के पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में नादौन शहर में अमतर चौक पर लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अत्याधुनिक होटल का निर्माण कार्य जोरों पर है। इस होटल के निर्माण से नादौन और इसके आस–पास के क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बल मिलेगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने नादौन में केवल होटल का निर्माण ही शुरू नहीं करवाया है, बल्कि रिवर राफ्टिंग एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स तथा अन्य गतिविधियों के लिए भी बेहतरीन इनफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। इसमें वैलनेस सेंटर और इंडोर स्टेडियम का निर्माण तथा पर्यटकों के लिए वे–साइड अमेनिटीज यानि हाईवे के किनारे आवश्यक सुविधाओं के लिए करोड़ों रुपये की योजना भी शामिल है।

## मांग

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए एचआरटीसी की करीब 400 बसे चुनावी डयूटी पर लगाई जाएंगी। राज्य चुनाव आयोग ने निगम प्रबंधन को पत्र लिख कर बसों की मांग की है। निर्वाचन आयोग ने निगम प्रबंधन से चुनाव डियूटी पर पर भेजी जाने वाली सभी बसें अच्छी स्थिति वाली भेजने को कहा है ताकि दुर्गम और दूरदराज के क्षेत्रों में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी से

मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो। वहीं दूसरी तरफ एचआरटीसी ने भी आयोग से बसों की एवज में कुल राशि का 50 प्रतिशत एडवांस जमा करवाने की मांग की है।